दिनांक 31/08/2020 को बी.एस.एन.वी. पी.जी. कालेज के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा **"हिंदी साहित्य में चित्रित प्राकृतिक आपदा – कारण और निवारण"** विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ0 प्रणव कुमार मिश्र, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग नें वेबिनार के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रकृति जहां मनुष्य के लिए जीवनदायिनी है, उसकी शक्ति एवं ऊर्जा का आधार है वहीं दूसरी ओर उसमें व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का व्यतिक्रम आ जाने पर वह विध्वंसक रूप भी धारण कर लेती हैं। आपने अनके उपन्यासों एवं रचनाओं को आधार बनाकर अपनी बात को पुष्ट करते हुए कहा कि साहित्यकार सदैव से प्रकृति के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष को अभिव्यक्ति प्रदान करता रहा है।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए अखिलेश कुमार दुबे, आचार्य एवं निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा ने बड़े सारगर्भित रूप से विषय पर प्रकाश डालते हुए अनादिकाल से जोड़ते हुए अद्यतन साहित्य में प्रतिबिम्बित दिखाया। उन्होंने कहा कि वैदिक ऋषि प्रकृति के उपादानों का स्तुतिगान करता है। वह अपने विध्वंसक रूप में हमारे समक्ष आ रही है, आपदा का रूप

ले रही है, हमें उसके कारणों पर विस्तार से मंथन करना चाहिए।

प्रो0 वाई0पी0 सिंह विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ नें मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के तमाम कारण हैं। पहले हमारे यहां प्रकृति की पूजा होती थी। सूर्य, चन्द्रमा, धरती सबकी पूजा का विधान है। अब लोगों ने उसे मानने से इंकार कर दिया है। वस्तुतः इन प्राकृतिक आपदाओं के तमाम कारण हैं। प्रकृति की अनेक गहन लीलाएं हैं पर मनुष्य के भी अपने अत्याचार हैं, बौद्धिक कुटिलताएँ हैं, उस पर नियंत्रण करना बहुत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें पूर्व कुलपति महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के श्री गिरीश्वर मिश्र जी नें अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रकृति और मनुष्य का बहुत गहरा रिश्ता भारतीय चिंतन में रहा है। यह एक नैसर्गिक रिश्ता रहा है। प्रकृति के मनुष्य से बड़े गहरे संबंध हैं मनुष्य अपने जीवन यापन के साधन प्रकृति से ही प्राप्त करता है परंतु अब मनुष्य प्रकृति पर अधिकार कर बैठा है, उसका दोहन कर रहा है जिसका परिणाम आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है। अब कार्यक्रम समापन की ओर था, अंत में कार्यक्रम में आए हुए सभी मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए डॉ0 अंजलि अस्थाना नें कहा कि प्रकृति की गोद में प्रथम मानव ने आंखें खोली इसलिए मानव और प्रकृति के इस अटूट संबंध की अभिव्यक्ति धर्म, दर्शन, साहित्य, कला में चिरकाल से होती है। हमारे सभी वक्ताओं ने विषय को एकदम खोल कर रख दिया है हमारे समक्ष, मैं समझती हूँ आज की इस संगोष्ठी से इस परिचर्चा में भाग ले रहे सभी सहयोगियों के भीतर प्रकृति को देखने और उसके साथ बरतने की एक नई दृष्टि का विकास हुआ होगा। इन शब्दों के साथ धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक श्री रत्नाकर शुक्ल, प्राचार्य जी प्रो राकेश चन्द्र, डॉ0 गुंजन जी, डॉ0 नीरजा मिश्रा, डॉ0 सजनी, डॉ0 कृष्ण चन्द्र, डॉ0 राजीव दीक्षित जी, डॉ0 अनिल पांडेय, डॉ0 मंजुल त्रिवेदी सहित अनेक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय से प्रतिभागीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन डॉ अंजलि अस्थाना ने किया।

❖❖❖

National Webinar

SOCIO-CULTURAL IMPACT OF COVID -19 IN INDIA

4th September 2020

Department of Sociology

Department of Sociology, B.S.N.V.P.G. (KKV) College, organized a National Webinar On 4th September 2020 entitled **"Socio-Cultural Impact of COVID-19 in India".** The organizing committee included the convener of the webinar Dr. Vandana, Head of Department, Co-convenor, Dr. Vijay Kumar, Associate Professor, Coordinator Dr. CL Bajpai, Organizing Secretary, Dr. JSP Pandey, Dr. ML Maurya and Dr. Sanjay Shukla. Dr. Vandana introduced the topic of the webinar to eminent speakers and dignitaries.

There were 3 eminent speakers- Professor Rajesh Mishra, Former Professor and Head of Department, Sociology, Lucknow University, Professor D.R. Sahu, Former Secretary Indian Sociology Society and head of Department of Sociology, Lucknow University and Professor Madhav Govind, Centre for studies in social Sciences, Director, H.R.D.C., JNU, New Delhi.

According to Professor Govind, the social response towards COVID-19 pandemic has been differently addressed, be it Inter-country, Inter-religion, inter-class, inter-group. Besides

health concern, it also raised political and social concerns. It has resulted to crisis in society. He compared the various pandemic of 20th and 21st century and also named them. He came forward with some common social and cultural implications. Cultural belief plays a very vital role in the period of such crises. He quoted examples of Corona Devi, people not supporting scientific temper and not co-operating, blaming and boycotting of a particular community or groups etc. Role of info-dynamics becomes critical in the flow of accurate information and rumors which create state of panic in the society. All the sectors have been affected during COVID-19, be it family, infrastructure, social institutions, villages, towns, industries etc. Professor Sahu classified his lecture in 3 stages- 1) pre pandemic society 2) during pandemic and 3) post pandemic society. He informed that 2019 was the period of protests and movements demanding more democracy, more dignity, equal rights in society etc. These movement got obstructed as it was the need of the hour. Media also monopolised this issue and delegated the rest issues to the background. However during COVID one movement persisted, it was of workers right, their food and other needs like travel etc. These all have been taken care of by the government, NGO and people. Culture of voice has changed to culture of silence. But it is a part of strategy in COVID time and these movements will again emerge after the pandemic is over. He brought our attention to the fact that public sphere and private sphere distinction has become blurred and now work from home is the new culture. He also brought forward an observation that home is producing and reproducing inequality which is also leading to stress, anxiety, sucides, domestic violence etc. Political crisis witness during Corona was centre versus state and state collaborative role was missing. Lastly he advocated that health and environment should be merged and seen in a sustainable manner for the service and survival of mankind.

Professor Rajesh Mishra discussed the severity of COVID-19 as compared to previous pandemic as its global spread is excessive. It has resulted to dysfunctional consequences. He mentioned about 3 forces, first was distancing force which held to neibhourhood, family and lastly community distancing. This was witnessed in race and class conflicts in the society. This would lead to damaging impact on the society. Distancing has further led to criminalisation of disease instead of sympathy and empathy. People observe distance and even don't go to attend in case of deaths and if they go they are quarantined and boycotted. Thus people are escaping from reporting of disease because of this ill-treatment. Another force is pauperization meaning poverty is increasing day by day, downward mobility is the result, middle class people are moving to lower middle class and lower middle class to lower income category, salary cuts,

joblessness. Fall in income might increase unrest in society which will lead to increase in hunger, crimes, suicides etc. and society will disintegrate. Lastly, the 3rd force is authoritarianism which is changing the society and family structure. Authoritarianism will lead to control over expression and thus creativity will be obstructed. Human rights will be hampered.

Lastly, Dr. J.S.P. Pandey, organising secretary of the webinar, gave the vote of thanks. Dr. Gunjan Pandey, deptt. of Economics, was the reporteur of the webinar. Dr. Sanjiv Shukla, Dr. O.P.B. Shukla, Dr. Meera Vani, Dr. Neelima Gupta, Dr. Neerja Misra, Dr. Rajeev Dixit, Dr. D.K. Gupta, Dr. Madhu Bhatia attended the webinar.

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

समग्र एवं बहु-विषयक शिक्षा की ओर बढ़ते कदम

6 सितम्बर 2020

शिक्षाशास्त्र विभाग

एक लम्बी और अकादमिक श्रमसाध्य प्रक्रिया के उपरांत **''नई शिक्षा नीति–2020''** राष्ट्र के सम्मुख है। इससे पूर्व 1986 की नई शिक्षा नीति एवं 1992 संशोधित नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के आधार पर भारत में शिक्षा व्यवस्था संचालित की जा रही थी। नई शिक्षा नीति के संदर्भ में प्रारंभिक प्रयास वर्ष 2014 से प्रारंभ हुए थे जिसके अंतर्गत एक देशव्यापी चर्चा के माध्यम से नई शिक्षा नीति के निर्धारण का कार्य किया गया। एक लंबी विकास यात्रा के उपरांत वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा अपनाया गया। वर्तमान में शैक्षिक संस्थानों, सार्वजनिक मंचो एवं अनेक अकादमिक मंचो पर नई शिक्षा नीति के प्रावधानों पर बृहद चर्चा की जा रही है ताकि इसे लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके तथा राष्ट्र द्वारा निर्धारित शैक्षिक संकल्पों को आमजन के साथ साझा किया जा सके।

इसी अनुक्रम में शिक्षाशास्त्र विभाग, बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के

द्वारा भी **'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020'** के विशेष प्रावधान **''समग्र एवं बहु–विषयक शिक्षा की ओर बढ़ते कदम''** के संदर्भ में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 06 सितम्बर 2020 को किया गया। सर्वप्रथम समग्र एवं बहु–विषयक शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत किए गए प्रावधान अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं–

11. समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की ओर

11.1 भारत में समग्र एवं बहु–विषयक तरीके से सीखने की एक प्राचीन परंपरा है, तक्षशिक्षा और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों से लेकर ऐसे कई व्यापक साहित्य हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में विषयों के संयोजन को प्रकट करते हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य जैसे बाणभट्ट की कादंबरी शिक्षा को 64 कलाओं के ज्ञान के रूप में परिभाषित/वर्णित करती है: और इन 64 कलाओं में न केवल गायन और चित्रकला जैसे विषय शामिल हैं, बल्कि वैज्ञानिक क्षेत्र जैसे रसायनशास्त्र और गणित, व्यावसायिक क्षेत्र जैसे बढ़ई का काम और कपड़े सिलने का कार्य, व्यावसायिक कार्य जैसे औषधि तथा अभियांत्रिकी और साथ ही साथ सम्प्रेषण, चर्चा और वाद–संवाद करने के व्यवहारिक कौशल (सॉफ्ट स्किल्स) भी शामिल हैं। यह विचार कि इंसानी सृजन के सभी क्षेत्र (जिसमें गणित, विज्ञान, पेशेवर और व्यावसायिक विषय और व्यवहारिक कौशल शामिल हैं) को कलाओं के रूप में देखा जाना चाहिए, भारतीय चिंतन की देन है। विभिन्न कलाओं के ज्ञान के इस विचार, या जैसा कि आधुनिक युग में जिसे 'लिबरल आर्ट्स (कलाओं का एक उदार नजरिया) कहा जाता है, को भारतीय शिक्षा में पुनः शामिल करना ही होगा, चूंकि यह वही शिक्षा है जिसकी 21वीं शताब्दी में आवश्यकता होगी।

11.2 आकलन से पता चलता है कि, स्नातक शिक्षा के दौरान, ऐसी शैक्षणिक पद्धतियाँ जो एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, अभियांत्रिकी और गणित) के साथ मानविकी और कला शिक्षा को समाहित करती हैं, तो रचनात्मकता और नवाचार, आलोचनात्मक चिंतन एवं उच्चतर स्तरीय चिंतन की क्षमता, समस्या समाधान योग्यता, समूह कार्य में दक्षता, सम्प्रेषण कौशल, सीखने में गहराई और पाठ्यक्रम के सभी विषयों पर पकड़, सामाजिक और नैतिकता के प्रति जागरूकता आदि जैसे सकारात्मक शैक्षणिक परिणाम प्राप्त हुए हैं और साथ ही, समग्र और बहु–विषयक शिक्षा दृष्टिकोण के माध्यम से अनुसंधान में भी सुधार और बढ़ोत्तरी हुई है।

11.3 एक समग्र और बहु–विषयक शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की सभी क्षमताओं–बौद्धिक, सौन्दर्यात्मक, सामाजिक, शारीरिक, भावात्मक, तथा नैतिक–को एकीकृत तरीके से विकसित करना होगा। ऐसी शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास : कला, मानविकी, भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, और व्यावसायिक, तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण 21वीं सदी की क्षमता, सामाजिक जुड़ाव की नैतिकता, व्यवहारिक कौशल (सॉफ्ट स्किल्स), जैसे सम्प्रेषण, चर्चा, वाद–विवाद, और एक चुने हुए क्षेत्र या क्षेत्रों में अच्छी विशेषज्ञता में मदद करेगी। इस तरह की एक समग्र शिक्षा, लंबे समय तक व्यावसायिक, तकनीकी और पेशेवर विषयों सहित सभी स्नातक कार्यक्रमों का दृष्टिकोण होगा।

11.4 एक समग्र और बहु–विषयक शिक्षा, जो कि भारत के इतिहास में सुन्दर ढंग से वर्णित की गई है–वास्तव में आज के स्कूलों की जरूरत है, ताकि हम इक्कीसवीं शताब्दी और चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व

कर सकें। यहाँ तक कि अभियांत्रिकी संस्थान जैसे आई.आई. टी, कला और मानविकी के साथ समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की ओर बढ़ेंगे। कला एवं मानविकी के छात्र भी विज्ञान सीखेंगे, कोशिश यही होगी कि सभी व्यावसायिक विषय और व्यावहारिक कौशलों (सॉफ्ट स्किल्स) को हासिल करें। कला, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में भारत की खास विरासत इस तरह की शिक्षा की ओर बढ़ने में सहायक होगी।

11.5 कल्पनाशील और लचीली पाठ्यक्रम संरचनाएँ अध्ययन के लिए विषयों के रचनात्मक संयोजन को सक्षम करेंगी, और कई प्रवेश और निकास बिन्दुओं के विकल्प होंगे। इस तरह से आज की कठोर अनुशासनात्मक सीमाओं को हटाकर आजीवन सीखने की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। बड़े बहु विषयक विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर (शिक्षा जगत), सरकार और उद्योग सहित, बहु–विषयक कार्यों के अवसर भी प्रदान करेगा।

11.6 बड़े बहु–विषयक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में उच्चतर–गुणवत्ता की समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। विषयों में कठोर विशेषज्ञता के अलावा, छात्रों को पाठ्यचर्चा में लचीलापन, नए और रोचक कोर्सेस के विकल्प दिए जाएंगे। पाठ्यक्रम निर्धारित करने में संकाय और संस्थागत स्वायत्ता द्वारा इसे प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षाशास्त्र में संचार, चर्चा, बहस, अनुसंधान और क्रॉस–डिसिप्लिनरी और अंतः विषयक सोच के अवसरों पर अधिक जोर होगा।

11.7 देश के विभिन्न उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में भाषा, साहित्य, संगीत, दर्शन, भारत–विद्या, कला, नृत्य, नाट्यकता, शिक्षा, गणित, सांख्यिकी, सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, खेल, अनुवाद एवं व्याख्या और अन्य ऐसे विषयों के विभागों को बहु–विषयक, भारतीय शिक्षा और वातावरण को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित और मजबूत किया जाएगा। इन विषयों में सभी स्नातक उपाधि कार्यक्रमों में क्रेडिट दिया जाएगा यदि वे ऐसे विभागों से या ओडीएल मोड के माध्यम से किए जाते हैं, जब उन्हें एचईआई की कक्षाओं में उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

11.8 ऐसी समग्र और बहु–विषयक शिक्षा के विचार को धरातल पर लाने के लिए, सभी एचईआई के लचीले और नवीन पाठ्यक्रम में क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम और सामुदायिक जुड़ाव और सेवा, पर्यावरण शिक्षा, और मूल्य–आधारित शिक्षा के क्षेत्र शामिल होंगे। पर्यावरण शिक्षा में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, जैविक विविधता संरक्षण, जैविक संसाधनों का प्रबंधन और जैव विविधता, वन और वन्यजीव संरक्षण, और सतत विकास तथा रहने जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। मूल्य आधारित शिक्षा में निम्न शामिल हैं : मानवीय, नैतिक, संवैधानिक तथा सार्वभौमिक मानवीय मूल्य जैसे सत्य, नेक आचरण (Dharma), शांति, प्रेम, अहिंसा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नागरिक मूल्य और जीवन–कौशल, सेवा तथा सामुदायिक कार्यक्रमों में सहभागिता समग्र शिक्षा का अभिन्न अंग होगा। जैसे–जैसे दुनिया तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, वैश्विक नागरिक शिक्षा (जीसीईडी), समकालीन वैश्विक चुनौतियों की प्रतिक्रिया, शिक्षार्थियों को वैश्विक नागरिक शिक्षा (जीसीईडी), समकालीन वैश्विक चुनौतियों की प्रतिक्रिया, शिक्षार्थियों को वैश्विक मुद्दों को समझने और अधिक शांतिपूर्ण, सहिष्णु, समावेशी, सुरक्षित और सतत समाज के सक्रिय प्रवर्तक बनने के लिए प्रदान की जाएगी। अंततः समग्र शिक्षा के अंतर्गत, उच्चतर शिक्षा संस्थान अपने ही संस्थानों में या अन्य उच्चतर शिक्षा/शोध संस्थानों में इंटर्नशिप के

अवसर उपलब्ध कराएंगे, जैसे–स्थानीय उद्योग, व्यवसाय, कलाकार, शिल्पकार आदि के साथ इंटर्नशिप और अध्यापकों और शोधार्थियों के साथ, शोध इंटर्नशिप ताकि छात्र सक्रिय रूप से अपने सीखने के व्यावहारिक पक्ष के साथ जुड़ें और साथ ही साथ, स्वयं के रोजगार की संभावनाओं को भी बढ़ा सकें।

11.9 डिग्री कार्यक्रमों की अवधि और संरचना में तद्नुसार बदलाव किया जाएगा। स्नातक उपाधि 3 या 4 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें उपयुक्त प्रमाणपत्र के साथ निकास के कई विकल्प होंगे। उदाहरण के तौर पर, व्यावसायिक तथा पेशेवर क्षेत्र सहित किसी भी विषय अथवा क्षेत्र में 1 साल पूरा करने पर सर्टिफिकेट या 2 साल पूरा करने पर डिप्लोमा या 3 साल के कार्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री। 4 वर्षीय स्नातक प्रोग्राम, जिसमें बहु–विषयक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा, क्योंकि इस दौरान यह विद्यार्थी की रूचि के अनुसार चुने हुए मेजर और माइनर पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समग्र तथा बहु–विषयक शिक्षा का अनुभव लेने के अवसर प्रदान करता है। एक अकादमिक क्रेडिट बैंक (एबीसी) स्थापित किया जाएगा जो अलग–अलग मान्यता प्राप्त उच्चतर शिक्षण संस्थानों से प्राप्त क्रेडिट को डिजिटल रूप से संकलित करेगा ताकि प्राप्त क्रेडिट के आधार पर उच्चतर शिक्षण संस्थान द्वारा डिग्री दी जा सके। यदि छात्र एचईआई द्वारा निर्दिष्ट अध्ययन के अपने प्रमुख क्षेत्र (क्षेत्रों) में एक कठोर शोध परियोजना को पूरा करता है तो उसे 4 वर्षीय कार्यक्रम में शोध सहित डिग्री भी दी जा सकती है।

11.10 उच्चतर शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को विभिन्न प्रारूपों में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को मुहैया कराने की छूट होगी (क) ऐसे विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने 3 साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा किया हो, उन्हें 2 वर्षीय कार्यक्रम प्रदान किए जा सकते हैं जिसमें द्वितीय वर्ष पूरी तरह से शोध पर केन्द्रित हो, (ख) के विद्यार्थियों जिन्होंने 4 वर्ष का स्नातक कार्यक्रम शोध के साथ पूरा किया है, उनके लिए एक वर्ष का स्नातकोत्तर कार्यक्रम हो सकता है, और (ग) 5 वर्षों का एक एकीकृत स्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रम हो सकता है। पीएच–डी के लिए या तो स्नातकोत्तर डिग्री या 4 वर्षों के शोध के साथ प्राप्त स्नातक डिग्री अनिवार्य होगी। एम.फिल कार्यक्रम को बंद कर दिया जाएगा।

11.11 समग्र और बहु–विषयक शिक्षा के लिए आई.आई.टी., आई.आई.एम, आदि की तर्ज पर, मेरू (बहु विषयक शिक्षा और शोध विश्वविद्यालय) नामक मॉडल सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इन विश्वविद्यालयों का उद्देश्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में उच्चतम वैश्विक मानकों को अर्जित करना होगा। ये देश भर में बहु–विषयक शिक्षा के उच्चतम मानक भी स्थापित करेंगे।

11.12 उच्चतर शिक्षण संस्थान स्टार्ट–अप, इन्क्यूबेशन सेंटर, प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र, अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों के केन्द्र, अधिकतम उद्योग–अकादेमिक जुड़ाव और मानविकी और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सहित अंतर–विषय अनुसंधान की स्थापना करके अनुसंधान और नवाचार पर फोकस करेंगे। संक्रामक रोगों और वैश्विक महामारियों के परिदृश्य को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि उच्चतर शैक्षणिक संस्थान, संक्रामक रोगों, महामारी विज्ञान, वायरोलॉजी, डाइग्नोस्टिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, वैक्सीनोलॉजी और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान करने की अगुवाई करें। छात्र समुदाय के बीच नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उच्चतर शिक्षण संस्थान विशिष्ट हैंडहोल्डिंग तंत्र विकसित करेगा। एनआरएफ, उच्चतर शिक्षण

संस्थानों अनुसंधान प्रयोगशालाओं और अन्य अनुसंधान संगठनों में इस तरह के एक जीवंत अनुसंधान और नवाचार संस्कृति को सक्षम करने और समर्थन करने में मदद करने के लिए कार्य करेगा।

"समग्र एवं बहु–विषयक शिक्षा की ओर कदम" के संदर्भ में परिचर्चा को उपरोक्त बिंदुओं पर केंद्रित किया गया। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने इस ऑनलाइन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं ख्यातिलब्ध शिक्षाविद प्रो0 धनञ्जय यादव सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय वक्तव्य के दौरान प्रो0 जी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत जगतगुरू के रूप में प्रतिष्ठित रहा है। किन्तु हम अपनी विकृतियों के कारण लगभग आठ सौ वर्षों तक पराधीन रहे। प्रो0 त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी देश को अपनी समस्याओं से निपटने हेतु सामर्थ्यवान, संस्कारवान और चरित्रवान लोगों की आवश्यकता होती है जिसके निर्माण का दायित्व शिक्षा का है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की एक बड़ी समस्या बेरोजगारी है। विभिन्न कार्यक्षेत्रों में जिस प्रकार का हुनर रखने वाले लोगों की आवश्यकता है उस प्रकार के लोगों का निर्माण करने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 पूरी तरह से सक्षम दिखाई देती है जो कि अपने स्वरूप में समन्वित, एकीकृत तथा बहुविषयक है। आशा है नई शिक्षा नीति से हम ऐसे नागरिकों का निर्माण कर पाएंगे जो कि अपने उत्थान के साथ ही अपने परिवार तथा राष्ट्र का उत्थान कर सकने में समर्थ होंगे। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए हमें लोगों को आत्मनिर्भर बनाना होगा जिस हेतु शिक्षा की सर्वप्रमुख भूमिका है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए प्रो0 धनञ्जय यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति अपने स्वरूप में बहुआयामी है। इस नवीन नीति में हमने उन दोषों को दूर करने का प्रयास किया है जिनके कारण हम संख्यात्मक वृद्धि तो कर रहे थे किंतु गुणात्मक वृद्धि में पिछड़ रहे थे। अब विषयों के चुनाव में छात्रों को अधिक स्वतंत्रता रहेगी। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में "मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट" की सुविधा विद्यार्थियों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध हो सकती है। इसके साथ ही तकनीकी आधारित "ब्लेंडेड लर्निंग" को हमारी शिक्षा प्रक्रिया हेतु विशेष उपयोगी बताया गया। इस दौरान प्रो0 यादव ने तकनीकी चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की। नई शिक्षा नीति में क्रिटिकल थिंकिग को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, यह इसकी एक प्रमुख विशेषता है। इसके द्वारा हम एक समर्पित अधिगमकर्ता को तैयार कर सकेंगे जो कि अपने प्रति, समाज के प्रति एवं राष्ट्र के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य करेगा। इस नई शिक्षा नीति में हमने सुविधाजनक एंट्री एवं एग्जिट को स्नातक स्तर पर लागू करने की मंशा जताई है, जिसके अंतर्गत 1 वर्ष का अध्ययन करने वालों को सर्टिफिकेट कोर्स का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। लेकिन हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि इस सुविधा के अंतर्गत जो भी अधिगमकर्ता विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश लेंगे वह अपने निर्णयों के प्रति दृढ़ हो। ऐसा ना हो कि 1 वर्ष बाद हम पुनः नवीन विषयों के साथ आगे बढ़े। इसके लिए हमें माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देना होगा ताकि वह अपने अकादमिक निर्णयों के संदर्भ में आत्मनिर्भर बन सकें। हमें अधिगमकर्ता की स्वायत्तता पर विशेष ध्यान देना होगा। जब हम बात करते हैं संस्थाओं की स्वायत्तता पर, शिक्षकों की स्वायत्तता पर तब हमें विद्यार्थियों की स्वायत्तता पर भी गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा। भारत एक विविधता पूर्ण देश है अनेक भाषाएं

एवं संस्कृति यहां की खूबसूरती है। नई शिक्षा नीति में भाषा के संदर्भ में प्राथमिक स्तर पर विशेष प्रावधान किए गए हैं किंतु हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि पाठ्यवस्तु विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी छात्रों के अध्ययन हेतु उपलब्ध हो। आज की यह नई शिक्षा नीति वर्तमान की आवश्यकताओं एवं भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है। हमें इस बात पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है कि शिक्षा के माध्यम से हम केवल वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए ही ना तत्पर हों बल्कि भावी चुनौतियों का सामना करने वाले विद्यार्थी भी हम तैयार कर सकें। इसके लिए हमें कुछ सिद्धांतों को ध्यान में रखना होगा जिनमें लोचनीयता का सिद्धांत, समता का सिद्धांत, पारदर्शिता एवं एकजुटता का सिद्धांत एवं जवाबदेही के साथ स्वायत्ता का सिद्धांत प्रमुख हैं। वर्तमान दौर में शिक्षा में तकनीकी का दखल निरंतर बढ़ा है। कोविड–19 की स्थिति ने तकनीकी के प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ जुड़ने की प्रवृत्ति को और बल दिया है किंतु हमें इस बात को ध्यान में रखने की आवश्यकता है कि सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों तक तकनीकी की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो यहां केवल हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तक ही सीमित न रह करके हमें इसकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए एवं उसकी मंशा को सफल बनाने के लिए अध्यापकों के प्रशिक्षण एवं उनकी योग्यता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भावी अध्यापक इस नई शिक्षा नीति के आधार पर कार्य कर सकें। हमारे वर्तमान कार्यरत अध्यापकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण की आवश्यकता है ताकि वह राष्ट्र के इस नवीन संकल्प को सिद्धि तक पहुंचा सके।

इस दौरान वेबिनार को महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी0एन0 मिश्र द्वारा भी संबोधित किया गया। श्री मिश्र ने अपने उद्‌बोधन में व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में महाविद्यालय के योगदान की विशेष चर्चा की। समापन सत्र के दौरान डॉ0 अनिल पांडेय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नवीन शिक्षा नीति पर सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक डॉ0 गीतारानी तथा संयोजक मजुंल त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस दौरान महाविद्यालय के वेबमन्च पर प्रंबधक श्री रत्नाकर शुक्ल, प्राचार्य प्रो0 राकेश चन्द्रा एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों समेत विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहें।

❖❖❖

International Webinar

ENTREPRENEURSHIP POST THE PANDEMIC : CHALLENGES AND OPPORTUNITIES

12th September 2020

Department of Economics

An international Webinar on **"Entrepreneurship post the pandemic : Challenges and opportunities"** was held on Saturday, September 12, 2020. Scholars from the Philippines, Nigeria, Singapore, Zombia and the United States registered for the webinar. Scholars from almost all states of India, Uttarakhand, Madhya Pradesh, Himachal Pradesh, Haryana, Delhi, Punjab, Assam, Gujarat, Rajasthan, Maharastra, Karnataka, Bihar, Odisha, Chattisgarh, Tamil Nadu, Telangana, Andhra Pradesh, Jharkhand, West Bengal, Kerla, Jammu and Kashmir and Uttar Pradesh also participated in the Webinar. The Webinar which started at 5:00 pm India time was addressed by the eminent speakers: Shri Vaibhav Tewari, Chief Operating officer, Portea Medical, Shri Rahul Misra, head of Equities and Managing Director, Jefferies, Financial Group, a global investment Banking firm and Dr. Devendra Kumar Shukla, Founder of Innovative Technical Solutions Inc. USA.

Mr. Vaibhav Tewari in his presentation talked about how he helped in setting up Portea, the largest consumer healthcare brand outside of hospitals in India. He talked about how he built up the organization to a scale of over 4000 employees with operations in 20 cities and serving over 1 million patients so far. He also discussed at length the problems he faced in the task and how he overcame them.

The second presentation was that of Shri Rahul Misra who spoke about the sources which finance small businesses in the country. He also educated that one out of every three businesses failed but that was not due to lack of funds. He stressed that unlike in the developed markets, in India there is a stigma attached to entrepreneurship.

The third and last presentation was that of Dr. Devendra Kumar Shukla, an alumni of IIT (Kanpur). He spoke at length about the importance of honesty and building trust among the stake holders including family and employees. He elaborated that looking after and building trust among co-workers and employees was the basic building store of every successful businesses. Post the Pandemic the economy has thrown up numerous opportunities for businesses all around. The need of the hour was to recognize these opportunities.

The Webinar concluded with a vote of thanks from the Principal, Sri Rakesh Chandra.

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

TEACHER AND EDUCATION DURING THE PANDEMIC PERIOD

22 सितम्बर 2020

शिक्षाशास्त्र विभाग

बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 22 सितम्बर 2020 दिन मंगलवार को विषय **"Teacher and Education during the pandemic period"** पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के वेबमंच पर आसीन प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी.एन. मिश्रा, प्रबंधक/मंत्री श्री रत्नाकर शुक्ल, प्राचार्य श्री राकेश चंद्र के साथ ही अतिथियों के रूप में विशिष्ट वक्ता श्री सी0पी0 सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग एवं डीन समाज–विज्ञान संकाय अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एवं द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ0 तरुलता देवी, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, पी.जी. कालेज निश्चिन्त कोलि, कटक उत्कल विश्वविद्यालय, उड़ीसा उपस्थित थीं। शिक्षाशास्त्र विभाग (बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ) के सदस्य डॉ0 अनिल कुमार पांडेय, (सह संयोजक) एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. गीता रानी (संयोजक) विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर तथा डॉ0 मंजुल त्रिवेदी (आयोजन सचिव), असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 गीता रानी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना से किया गया, जो कि वीडियो रिकॉर्डिंग से सम्भव हो सका। माँ सरस्वती के आशीर्वाद से प्रारंभ इस गोष्ठी में अध्यक्ष, प्रबंध समिति, महोदय श्री टी.एन.मिश्र,

श्री रत्नाकर शुक्ल जी (प्रबंधक / मंत्री), एवं प्राचार्य जी के आशीर्वाद से अनिल कुमार पांडेय (सह संयोजक) द्वारा विशिष्ट वक्ता का परिचय दिया गया तत्पश्चात संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

विशिष्ट वक्ता श्री सी.पी. सिंह चौहान जी ने अपने वक्तव्य में COVID-19 के वैश्विक संक्रमण काल से उत्पन्न परिस्थितियों से सन्दर्भित विचार प्रस्तुत किये। आपका कहना था, कि इस संक्रमण काल में देश सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक समस्याओं से जूझ रहा है। यह स्थिति सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। परंतु इस संक्रमण काल ने शिक्षा जगत को सर्वाधिक प्रभावित किया है। उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षक–शिक्षार्थी, शासक–प्रशासक, सभी इस समस्या से चिंतित हैं। कारण जब तक वैक्सीन नहीं है तब तक सभी को Corona virus से स्वयं के साथ–साथ अपनों को बचाते हुए, virus के साथ रहना सीखना पड़ेगा। इस हेतु मास्क और sanitizer का प्रयोग दिनचर्या में शामिल करना अनिवार्य होगा। 1. विद्यालय का वातावरण साफ और स्वच्छ रखना। प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की असेंबली और प्रार्थना के साथ अन्य सामूहिक कार्यों को करने से रोकना। स्कूल, कॉलेज तथा विद्यार्थियों के लिए मास्क एवं Sanitizer का प्रयोग अनिवार्य कर देना। 2. शिक्षकों का दायित्व अधिक महत्वपूर्ण है, उनके लिये orientation प्रोग्राम, तकनीकी शिक्षा की शिक्षा व्यवस्था करना। 3. प्रयोगात्मक विषयों की शिक्षा हेतु छोटे–छोटे समूह विभाजित करना। इसके साथ P.P.T., E-Content तैयार करना, जिससे विद्यार्थियों को सामाजिक दूरी के साथ शिक्षा प्रदान की जा सके। 4. कॉलेज स्तर पर higer power network को उपलब्ध करवाना। 5. साथ ही साथ सरकारी संसाधन की व्यवस्था के रूप में smart phone, working computer, Network problems पर निवेश करना। 6. विद्यालय में face to face and online शिक्षा की आवश्यक रूप से व्यवस्था करना। सरकार को नगरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में भी network की समस्या हल करनी चाहिए। अन्यथा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा पिछड़ जाएगी। चौहान जी नें कुछ नकारात्मक प्रभाव की भी चर्चा की। जो कि बच्चों, शिक्षक, अभिभावक सभी पर पड़ सकते हैं। जैसे कि 1. बच्चों और बड़ों का अधिक समय फोन पर व्यतीत करना। जिससे चिंता, सरदर्द, तनाव, दृष्टि–दोष, विस्मृत इत्यादि लक्षण लोगों में दिखाई दे रहे हैं। 2. बच्चों का Reading, Writing जैसे कौशल का न सीख पाना। 3. मनोविज्ञान के अनुसार 93% सहज बोध परस्पर क्रिया से सम्भव होता है, जो कि online शिक्षण से असंभव है। बच्चों में संवेगात्मक विकास रुक जाना तथा उनका नींद, चिड़चिड़ापन, जैसी समस्या से ग्रसित होना इत्यादि इन समस्याओं का ध्यान रखते हुए शिक्षण संस्थान को खोलना चाहिए और सरकार को भी आंशिक वित्त ऑनलाइन शिक्षण हेतु महाविद्यालय को प्रदान करना होगा।

संक्षिप्त परिचय के बाद मुख्य वक्ता डॉ0 तरुलता देवी का वक्तव्य प्रारम्भ हुआ उन्होंने मंच पर आसीन सभी सदस्यों के समक्ष विषय बिन्दु को स्पष्ट किया कि वैश्विक परिदृश्य COVID-19 की इस अवधि में विश्व के 213 देश प्रभावित हुए। यू.एस.ए., भारत और ब्राजील प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तर पर संक्रमित थे। इस संक्रमण से संपूर्ण विश्व में lockdown, shutdown, emergency, threat जैसी स्थिति से जनसामन्य प्रभावित था।

चिकित्सालय में plasma therapy द्वारा संक्रमित लोगों का इलाज किया गया क्योंकि अभी तक वैक्सीन तैयार न होने के कारण संक्रमण ने लोगों के जीवन को पंगु बना दिया है। आकस्मिक रूप से उत्पन्न इन

परिस्थितियों ने उत्पादन, पूर्ति, योजना, तथा कार्यक्रमों को स्थिर कर दिया है।

सभी जनसामान्य स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए चेतन और सक्रिय हो गए हैं। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप देश की उन्नति व विकास थम सा गया है और एक दशक पिछड़ भी गया है। मंदिर, मस्जिद, चर्च, व्यवसाय, परिवहन, यात्रा, उद्योग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा सभी साधन पूर्णतया रुक गये। सर्वाधिक दुष्प्रभाव शिक्षा पर हुआ है। पाठ्यक्रम संक्षिप्त हो गए तथा परीक्षा व मूल्यांकन ग्रेड सिस्टम पर निर्भर हो गए। शिक्षण की नई तकनीक को सीखना पड़ रहा है। जैसे ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षण में भी स्थितियां सामान्य नहीं है, परंतु अर्थव्यवस्था और अनिश्चितता व्याप्त है।

संक्रमण काल में कुछ नकारात्मक प्रभाव भी देखे जा सकते हैं जैसे–अनिश्चित काल के लिए शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए जिससे रोजगार खत्म हो गये। 2. शिक्षक, शिक्षार्थी ऑनलाइन शिक्षा के लिए तैयार नहीं थे। 3. शहरी, ग्रामीण तथा सरकारी, गैरसरकारी के बीच भिन्नता बढ़ रही है। drop outs की दर में वृद्धि हो गई है। 4. समाजीकरण का अभाव, तनाव, चिंता, शैक्षिक दक्षता में कमी हो गई। घर में होने के कारण क्रियाएं खत्म होने लगी इत्यादि। इन परिस्थितियों के कुछ सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे है जैसे– 1. शिक्षण सामग्री सॉफ्ट कॉपी में प्रयोग की जाने लगी साथ ही Blended learning का प्रभाव बढ़ गया। सहयोगात्मक कार्य में सुधार हुए। 2. शैक्षिक गतिविधियों का विस्तार webinar, competitions के रूप में हुआ। लोगों में तकनीकी, कौशल व क्षमताएं विकसित हुई हैं। 3. जनसंचार के माध्यम से सूचनाएं साझा की जाने लगी है। ऑनलाइन शिक्षण की माँग बढ़ने लगी है। 4. विश्वस्तर पर सर्जनात्मक दक्षता दिखने लगी साथ ही समय का सदुपयोग किया जाने लगा।

वैश्विक संक्रमण काल की इस समस्या को देखते हुए उन्होंने कुछ सुझाव भी प्रस्तुत किए जैसे– 1. शिक्षा, व्यवस्था को पुनः संसाधन व संपोषकता के साथ विकसित करना। 2. नेटवर्किंग समस्या का हल निकालना शैक्षिक हानि की पूर्ति करना 3 शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अभिभावक को परामर्श देना इत्यादि इन सुझावों के साथ डॉ0 तरुलता ने अपनी वाणी को विराम दिया। तत्पश्चात डॉ0 मंजुल त्रिवेदी द्वारा वेबमंच से प्रश्नोत्तर (वक्तव्य आधारित) किया गया। जिसमें सभी लोगों ने सक्रिय रह कर अपनी जिज्ञासाये शांत की। शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से डॉ0 गीता रानी और डॉ0 मंजुल त्रिवेदी द्वारा लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, तमिलनाडु, दिल्ली इत्यादि क्षेत्रों के विभिन्न शिक्षक, शिक्षार्थी प्राचार्य जी, कॉलेज प्रबंधतंत्र के सदस्यों तथा विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रकार ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ।

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

कोविड–19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में गणितीय मॉडलिंग की भूमिका

26 सितम्बर 2020

गणित विभाग

गणित विभाग, बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज (के0के0वी0), लखनऊ द्वारा **"कोविड–19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में गणितीय मॉडलिंग की भूमिका"** पर दिनांक 26–09–2020 को राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में बीजीय वक्तव्य हेतु निम्न प्रख्यात वक्ताओं को आमंत्रित किया गया–

1. **प्रो0 वी0 के0 कटियार**

   पूर्व अध्यक्ष, गणित विभाग, आई0आई0टी0 रुड़की, उत्तराखण्ड

   वर्तमान में– डीन, एकेडेमिक एण्ड रिसर्च पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड

2. **प्रो0 मिनी घोष**

   स्कूल ऑफ एडवान्सड् स्टडीज गणित वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई, तमिलनाडु

ठीक प्रातः 11:00 बजे वर्चुअल मोड में ज़ूम प्लेटफॉर्म पर तथा यूट्यूब चैनल पर दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के बाद बी.एस.एन.वी. इंस्टीट्यूट, लखनऊ, के अध्यक्ष श्री टी0 एन0 मिश्र जी के आशीर्वचन व अनुमति के उपरांत वेबीनार का शुभारंभ हुआ। संयोजक डॉ0 जे0 पी0 सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत

किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ0 दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा वेबीनार की विषय वस्तु–"कोविड–19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में गणितीय मॉडलिंग की भूमिका" पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि दुनिया भर में गणितीय मॉडलों द्वारा की जा रही भविष्यवाणी के आधार पर ही हम यह समझ पा रहे हैं कि कोविड–19 महामारी से बचने के नये तरीके कौन–कौन से हो सकते हैं तथा परीक्षण के दूसरे व तीसरे दौर में चल रही वैक्सीन की सफलता दर क्या है। प्रथम बीजीय वक्ता प्रो0 वी0 के0 कटियार जी का परिचय सह–संयोजक डॉ0 के0 के0 बाजपेई द्वारा कराया गया और उन्हें उनके बीजीय वक्तव्य हेतु आमंत्रित किया गया। प्रो0 वी0 के0 कटियार जी ने अपना वक्तव्य Mechanics of Breathing (साँस लेने की प्रक्रिया) से प्रारम्भ किया और समझाया कि किस प्रकार से गणित के ज्ञान का उपयोग व सही प्रकार से श्वसन प्रक्रिया का पालन करके तरह–तरह के वायरस (विषाणुओं) के मानव शरीर पर आक्रमण के प्रभाव को बहुत हद तक सीमित किया जा सकता है। गणित के उपयोग को प्राणायाम में प्रयोग करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार से तथा कितनी मात्रा में भ्रामरी, उद्गीत, अनुलोम–विलोम, कपाल भाति, भस्त्रिका सही प्रकार से किया जाना चाहिए जिससे इसका अधिकाधिक लाभ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में किया जा सकता है। उनके अनुसार इस प्रकार के सभी गणितीय मॉडल्स में चेंज ऑफ लीनियर मूमेंटम मिकेनिक्स का प्रयोग होता है जो कि डिफ्रेंशियल इक्वेशन आधारित होता है और हल करने पर प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर इस बात को अच्छी और वैज्ञानिक तरीके से समझा जा सकता है। उनके द्वारा तीन ब्रीदिंग तरीकों को गणितीय मॉडल्स के माध्यम से बताया गया जिसमें डीप ब्रीदिंग, पीरियाडिक ब्रीदिंग, तथा आल्टरनेट ब्रीदिंग हैं। उन्होंने बताया कि श्वसन के दौरान कोनिकल आकार में रहने वाली वोकल कार्ड वाइब्रेट करती है यदि उसकी फ्रीक्वेंसी कम या अधिक रहती है तब सांस से संबंधी प्राणायाम से हानि भी हो सकती है, यहाँ पर भी उन्होंने गणित के महत्व को उजागर किया। पेट के मेटाबोलिज्म आधारित मॉडल का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि 70 प्रतिशत स्थान ठोस आहार के लिए तथा 30 प्रतिशत स्थान तरल पदार्थ शरीर में संतुलित डाइट का द्योतक है। उनके वक्तव्य का निष्कर्ष था कि "गणित के ज्ञान के बिना योग व प्राणायाम का लाभ प्राप्त करना कठिन है।" द्वितीय वक्ता प्रो0 मिनी घोष द्वारा "महामारी के गणितीय मॉडल्स" के बारे में बताते हुए कोविड–19 महामारी आधारित गणितीय मॉडल्स एस0आर0 (Susceptible & Recovered), एस0आई0आर0 (Susceptible, Infected & Recovered) व एस0आई0आर0एस0 (Susceptible, Infected, Recovered & Infected) के बारे में बताया गया। इन मॉडल्स को हल करने के उपरांत प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर उनके द्वारा बताया गया कि ईरान में कोरोना महामारी से संक्रमितों के दो शिखर बिन्दु आ चुके हैं तथा तीसरा शिखर बिन्दु पुनः आने की तैयारी में है। इसी प्रकार इटली में भी एक शिखर बिन्दु आ चुका है और संक्रमितों का वक्र नीचे जा रहा है। परन्तु अपने देश भारत में संक्रमितों का चरम बिन्दु अभी आना है और गणितीय मॉडल्स इसके बारे में सही भविष्यवाणी नहीं कर पा रहे हैं। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत चूँकि एक बड़ी जनसंख्या वाला देश है जहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है, स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में विश्व में बहुत पीछे है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा–निर्देशों का लोग पालन नहीं कर रहे हैं और स्थिति की गंभीरता को न समझते हुए न ही मास्क लगा रहे हैं और न ही शारीरिक दूरी का पालन कर रहे हैं। इसलिए भारत में इस महामारी का प्रकोप कब थमेगा इसके बारे में गणितीय मॉडल्स भविष्यवाणी कर पाने में अभी सक्षम नहीं हैं। अलक्षणी संक्रमितों का भी

पता लगाने और उनका इलाज और आइसोलेट करने के मामले में भी हमारा देश अभी दूसरे प्रभावित देशों से बहुत पीछे है, जिसके चलते भारत में संक्रमण समुदाय में फैलने लगा है। अंत में वेबीनार के संयोजक डॉ0 जे0 पी0 सिंह द्वारा महाविद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, प्राचार्य, आयोजक समिति के सभी सदस्यों तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूरे राष्ट्रीय वेबीनार का सफल संचालन वेबीनार के समन्वयक डॉ0 राजीव दीक्षित द्वारा किया गया। इस वेबीनार में महाविद्यालय के डा0 संजीव शुक्ल, डा0 संजय शुक्ल, डा0 ज्योति काला, डा0 विजय कुमार, डा0 देवेन्द्र कुमार, डा0 नरेन्द्र कुमार अवस्थी, श्रीमती रश्मि गुप्ता, श्रीमती सजनी मिश्रा, श्री लल्लन प्रसाद, डा0 डी0 के0 राय, डॉ0 मीरा वाणी, डॉ0 गीता रानी, श्री हरीश पाल, डॉ0 राम कुमार तिवारी, डॉ0 वीना पी0 स्वामी, डॉ0 अमृता सिंह, डॉ0 रमा जैन, डॉ0 प्रतिभा शुक्ला, डॉ0 कुष्णा यादव, डॉ0 महेन्द्र पाठक, डॉ0 विजय शंकर, डॉ0 राजेश राम, डॉ0 बैरिस्टर कुमार गुप्ता आदि शिक्षक उपस्थित थे।

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

भारतीय राजनीति के वर्तमान संदर्भ

28 सितम्बर 2020

राजनीति शास्त्र विभाग

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। भारत में राजनीतिक नेता और दल, मतदान प्रणाली द्वारा सत्ता में आते हैं 18 से अधिक आयु के भारतीय नागरिक वोट देने और अपने नेताओं का चुनाव करने का अधिकार प्राप्त करते हैं हालांकि लोकतंत्र में जनता का शासन होता है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अभी भी आम आदमी बहुत परेशान हैं क्योंकि हमारे देश की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर अनेकों समस्याएं हैं जिसमें मूलभूत समस्या नैतिकता का पतन है हमारे अधिकांश राजनीतिक नेता भ्रष्ट होने के लिए जाने जाते हैं लेकिन उन्हें शायद ही कभी दंडित किया जाता है हमारे राजनेता की ऐसी मानसिकता और व्यवहार देश पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है भ्रष्ट भारतीय राजनीति के कारण देश की आम जनता सबसे अधिक पीड़ित है दूसरी ओर सरकार के सदस्य अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति में अपनी शक्ति और स्थिति का दुरुपयोग करते हैं।

आजादी के बाद भारत में विकास सभी क्षेत्र में हुआ है किंतु भारत में जिस स्तर का विकास विगत 70 वर्षों में हुआ वह पर्याप्त नहीं है कोरोना महामारी के समय में यह बात स्पष्ट हो गई है हम बुनियादी दृष्टि से बहुत

अच्छी स्थिति में नहीं है चाहे वह स्वास्थ्य क्षेत्र हो, आर्थिक निर्भरता का क्षेत्र हो, राज्यों के बीच अंतर्विरोध की बात हो , केंद्र राज्य के बीच विवाद का विषय हो इन सभी क्षेत्रों में हम अव्यवस्थित ही दिखे।

इन्हीं विषयों के संदर्भ में दिनांक 29 सितम्बर 2020 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा भारतीय राजनीति के वर्तमान संदर्भ विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस वेब संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामदेव भारद्वाज जी सम्मिलित हुए जिन्होंने राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, समाज विज्ञान, भाषा, साहित्य, संस्कृति, इतिहास आदि विषयों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्विवेदी जी थे वर्तमान में वह लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी परिषद के सदस्य हैं।

संगोष्ठी का प्रारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना से हुआ इसके पश्चात महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी एन मिश्रा जी द्वारा शुभाशीष वक्तव्य दिया गया तथा आधुनिक भारतीय राजनीति के समसामयिक प्रश्नों को रेखांकित किया गया , इसके पश्चात महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक/मंत्री श्री रत्नाकर शुक्ल जी का उद्‌बोधन हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश चंद्रा ने मुख्य अतिथि का परिचय तथा स्वागत किया मुख्य अतिथि के साथ आपने सभी सम्मानित अतिथि का स्वागत किया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्विवेदी जी का विद्वता पूर्ण व्याख्यान हुआ । प्रोफेसर द्विवेदी जी ने आधुनिक भारतीय राजनीति के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों पर अपना विचार दिया। द्विवेदी जी नें अपने व्याख्यान में कहा कि आज की भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा दोष यह है कि नैतिकता का पतन हुआ है और यह पतन नेता, मतदाता, तथा संस्थाओं में सभी जगह हुआ है। प्रोफेसर द्विवेदी जी ने राजेंद्र प्रसाद, महात्मा गांधी, प्लेटो और अरस्तू के वक्तव्य के माध्यम से बताया कि यह सभी विद्वान मानते थे कि राजनीति में सबसे ज्यादा महत्व नैतिकता को दिया जाना चाहिए प्रोफेसर द्विवेदी जी ने गांधी जी द्वारा नेता की परिभाषा को बताते हुए कहा कि नेता वह है जो किसी प्रकार के पद की इच्छा नहीं रखता। समाज सेवा ही उसका कर्तव्य है, और इस कर्तव्य में वह सदैव ईश्वर का स्मरण करें क्योंकि ईश्वर सद्‌गुणों का स्रोत हैं।

प्रोफेसर द्विवेदी जी ने वर्तमान राजनीति के सकारात्मक पक्ष को स्पष्ट करते हुए बताया कि आधुनिक समय में ई–गवर्नेंस सुशासन के लिए अच्छा प्रयास है उन्होंने राजनीति में **स्मार्ट** का सूत्र दिया इसकी व्याख्या करते हुए बताया कि राजनीति में सरलताए नैतिकता, उत्तरदायित्व और निर्णयों में पारदर्शिता होनी चाहिए यदि राजनीति में हम इन बातों को ले आते हैं तो निश्चित रूप से हमारा वर्तमान राजनीति जन कल्याण में होगा।

प्रोफेसर द्विवेदी जी के पश्चात मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर रामदेव भारद्वाज जी का व्याख्यान हुआ प्रोफेसर रामदेव भारद्वाज जी भी राजनीति में हो रहे नैतिकता के पतन पर चिंतित थे प्रोफेसर भारद्वाज जी ने कहा कि भारतीय राजनीति की आत्मा भारतीय संविधान तो पवित्र है किंतु संविधान के अनुरूप समाज में आचरण का अभाव है, और यह हर जगह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति की आत्मा संविधान तो आत्मा के समान ही पवित्र है, किंतु संविधान पर ही टिकी राजनीति का स्वरूप विकृत हो गया है भारद्वाज जी ने इस समस्या के समाधान में कहा कि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय सहित सभी विद्यालयों के अध्यापक, छात्र

शक्ति, युवा शक्ति ही भारतीय राजनीति को विकृत स्वरूप से बचा सकती है।

अगली कड़ी में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों द्वारा प्रश्न किए गए जिसका उत्तर मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामदेव भारद्वाज जी ने तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्विवेदी जी ने दिया। सर्वाधिक प्रश्न इस बात से संबंधित थे कि नैतिक उत्थान कैसे किया जाए। इसके उत्तर में दोनों विद्वानों का मत था कि नैतिक पतन समाज के सभी वर्ग में है अतः सुधार भी हर स्तर पर आवश्यक है राजनेता, सरकारी कर्मचारी तथा आम नागरिक निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करें, देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र से प्रेम करे, उसका सम्मान करें और अपने कार्य को राष्ट्र का कार्य समझे और पूरी निष्ठा से राष्ट्रहित में कार्य करें इसके साथ ही विधिक रुप से भी समाज से भ्रष्टाचार को समाप्त करने का प्रयास किया जाए राजनीतिक नेता, राजनीतिक दल, राजनीति का व्यवसायीकरण न होने दें और प्रधान सेवक बनने की दिशा में अग्रसर हों।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ओ0 पी0 बी0 शुक्ल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन स्नेह प्रताप सिंह द्वारा किया गया संगोष्ठी में महाविद्यालय के सभी सम्मानित आचार्य सम्मिलित रहे और अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये।

★★★

राष्ट्रीय वेबिनार

गाँधी की अपरिहार्यता

2 अक्टूबर 2020

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल महाविद्यालय लखनऊ के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर **"गांधी की अपरिहार्यता"** विषय पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक प्रो० ए.डी.एन. बाजपेई सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ संयोजक डॉ0 ज्योति काला के द्वारा सभी के औपचारिक स्वागत द्वारा हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक श्री रत्नाकर शुक्ला नें वेबीनार में अपने विचार रखते हुए कहा कि गांधी की ग्राह्यता पूरी दुनिया भर में है। कुछ लोग अहिंसा को कमजोरी मानते हैं लेकिन अधिकांश ने इसे प्रमुख औजार माना है, आत्मनिर्भर भारत की मुहिम वर्तमान में जोरों

पर है इसमें गांधी का ही दर्शन निहित है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्र ने मुख्य वक्ता प्रो० अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई का परिचय प्रस्तुत करते हुए वेबीनार में उनका औपचारिक स्वागत किया। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी.एन. मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी के 150 वर्ष हो गए हैं व्यावहारिक रूप से हम इस दिन को छुट्टी के रूप में जानते हैं जिस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। वर्तमान भारत में बढ़ते अपराध विशेषकर महिलाओं पर होने वाले अपराधों पर उनके द्वारा चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि जो समाज महिलाओं की इज्जत नहीं करता वह विकास के पथ पर कभी आगे नहीं जा सकता। शिक्षा व्यवस्था की खामियों को भी इस दौरान उन्होंने इंगित किया। उन्होंने बताया कि गांधीजी को गीता से काफी प्रेरणा मिली है लेकिन यदि हम अध्यापकों से यह प्रश्न पूछें कि कितने अध्यापकों नें गीता पढ़ी है तो इसका जो उत्तर होगा वह निराश करने वाला होगा। हम सेकुलरिज्म के नाम पर गीता आदि ग्रंथ नहीं पढ़ा पा रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आज का दिन आत्मचिंतन का है, विशेषकर शिक्षकों के लिए। गांधी ने आत्मानुशासन पर बल दिया। आज जनमानस में गांधी के जीवन में जो चीजें थी उनका अभाव दिखाई पड़ता है हमें इस पर चिंतन करना होगा तथा एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखानी होगी।

मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए प्रो० बाजपेई ने कहा कि इस वेबीनार के विषय के निर्धारण के संदर्भ में जब संयोजिका ने मुझसे संपर्क किया तो एक विचार बना कि विषय गांधी की प्रासंगिकता या अनिवार्यता रखा जाए किंतु यह दोनों विषय अपने आप में अलग अर्थ का निरूपण करते हैं। अनिवार्य चीजें वह हैं जो हमारे जीवन जीने के लिए आवश्यक है जबकि अपरिहार्य चीजें वह हैं जिनके बिना जीवन संभव ही नहीं है। गांधी का दर्शन कुछ ऐसा ही है इसलिए विषय निर्धारण के रूप में गांधी की अपरिहार्यता तय किया गया। तत्पश्चात उन्होंने गांधी के जीवन दर्शन के संदर्भ में विस्तृत विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह गांधी का ही विराट व्यक्तित्व है जिन्होंने संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। यदि हम आज की स्थिति पर विचार करें तो विविधताओं भरे इस देश में कोई भी व्यक्ति, दर्शन अथवा विचार ऐसा नहीं है जो राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो सके, सभी के लिए सर्वमान्य हो। जबकि गांधी की सर्वमान्यता आज भी है। पर्यावरण के संदर्भ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट को हम गांधी के दर्शन के माध्यम से ही सुनिश्चित कर सकते हैं क्योंकि गांधी के दर्शन में प्रकृति के संरक्षण को स्पष्टतः महत्व दिया गया है। विश्व शांति, सामाजिक समरसता, आर्थिक विकास, तकनीकी विकास आदि को सुनिश्चित करने के लिए गांधी ही एकमात्र विकल्प है।

कार्यक्रम के अंत में वेबीनार के आयोजन सचिव डॉ0 मंजुल त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हम सभी को गांधी को समझने की एक नई दृष्टि दी है।

❖❖❖

अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार

प्राचीन इतिहास निर्माण के स्रोत एवं समस्यांए

8 अक्टूबर 2020

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, बी.एस.एन.वी.पी.जी. कॉलेज, लखनऊ द्वारा दिनांक 08/10/2020 को एक अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार **"प्राचीन इतिहास निर्माण के स्रोत एवं समस्याएँ"** का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में विशिष्ट वक्ताओं, प्रो0 डी0पी0 तिवारी, मुख्य अतिथि, कुलपति, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, प्रो0 शैलेन्द्र कपूर, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो0 अभय कुमार सिंह, मुख्य वक्ता, डॉयरेक्टर आफ इंडियन कल्चर सेंटर, एम्बेसी आफ इंडिया, तेहरान (ईरान) तथा प्रो0 पीयूष भार्गव, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ नें सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये।

प्राचार्य, प्रो0 राकेश चन्द्रा जी ने सभी वक्ताओं का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि स्रोत ही इतिहास को जानने व समझने में सहायता प्रदान करते हैं। इतिहास में प्राचीन घटनाओं को क्रमबद्ध तरीके से समझाया जाता है। इतिहास में स्रोत, स्मारक, सिक्के, अभिलेखों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इतिहास में किसी घटना की तिथि निर्धारित करने के लिए सी–14 विधि Potassium argon dating का उपयोग करते हैं।

डॉ0 दुर्गेश कुमार जी (संयोजक) अपने विषय प्रवर्तन में कहते हैं कि, इतिहास शब्द के अर्थ के संदर्भ में कुछ विद्वानों का मानना है कि हिस्ट्री यूनानी संज्ञा Loropla जिसका अर्थ–सीखना है, से लिया गया और कुछ

लोग जर्मन शब्द Geschichte से हिस्ट्री की उत्पत्ति मानते हैं जिसका अर्थ है–घटित होना। जबकि अन्य इतिहासकार History शब्द की उत्पत्ति यूनानी शब्द Historia से हुई बताते हैं, और जिसका आशय है–'जानना' अथवा 'ज्ञात होना'।

इतिहास का शाब्दिक अर्थ है–ऐसा निश्चित रूप से हुआ होगा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इतिहास का संबंध अतीत से होता है वह अतीत जिसमें लाखों घटनाएं, अनगिनत विरासतें और कई रहस्य छुपे हुए हैं। इतिहास क्यों? तो जिस तरह तीर को दूर तक पहुँचाने के लिए धनुष की डोर को कान के पीछे तक खींचना अनिवार्य है, उसी प्रकार यदि वर्तमान एवं भविष्य को समझना चाहते हैं तो इतिहास (अतीत) का अध्ययन अनिवार्य है। इतिहास के इसी महत्व को देखते हुए कौटिल्य ने कहा था–"राजा को प्रतिदिन कुछ समय इतिहास श्रवण में लगाना चाहिए।" एक विचार के अनुसार इतिहास अतीत और वर्तमान के बीच का अनवरत संवाद है। व्युरी के अनुसार–"इतिहास विज्ञान है, न कम न ज्यादा"। भारतवर्ष अर्थात् भरत का देश। भरत नामक एक प्राचीन राजवंश के नाम पर इस देश को भारतवर्ष कहा गया। जिस भारतवर्ष के नाम से हमारे देश का नाम पड़ा उनका राज्य सरस्वती तथा यमुना नदियों के बीच के प्रदेश में था। वही जैनधर्म के अनुसार उनके प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र सम्राट भरत के नाम पर पड़ा। भरत, भारत के पहले चक्रवर्ती सम्राट थे। यूनानियों ने इस देश को इंडिया (India) कहकर पुकारा। सर्वप्रथम इंडिया नाम का प्रयोग छठी–पांचवी शताब्दी ईसा पूर्व में इतिहास के पिता नाम से विख्यात हेरोडोटस ने किया था। तदुपरांत इंडिया शब्द का प्रयोग मेगस्थनीज ने किया। यह बात ध्यान देने योग्य हैं कि हेरोडोटस द्वारा वर्णित इंडिया से संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप का बोध होता है। पुराणों तथा अशोक के अभिलेखों में हमारे देश का नाम जंबूद्वीप मिलता है। खारवेल के हाथी गुम्फा अभिलेख में सर्वप्रथम प्राकृत में भर घवस (भारतवर्ष) का विवरण मिलता है। प्रदेश के रूप में सबसे पहले भारत का वर्णन पाणिनि की अष्टाध्यायी में है। सर्वप्रथम 262 ईसवी (तीसरी सदी) में ईरान के शासक शाहपुर प्रथम के नक्श–ए–रूस्तम अभिलेख में इस देश का नाम हिंदुस्तान मिलता है। प्राचीन इतिहास निर्माण के स्रोत एवं समस्याओं के संदर्भ में साहित्यिक, पुरातात्विक एवं विदेशी यात्रियों की यात्रा वृतांत के संबंध में रोचक जानकारी दी।

प्रो० डी०पी० तिवारी जी (मुख्य अतिथि) अपने व्याख्यान में कहते हैं कि, स्रोत इतिहास की रीढ हैं। किसी देश के काल खण्ड को पता लगाने के लिए इतिहासकार श्रम करता है जिसके कारण उसकी आलोचना भी होती हैं। शास्त्र दर्शन में इतिहास को जानने के स्रोतों की सत्यता की जांच होनी चाहिए, उसे तत्कालीन नकारना अथवा स्वीकारना नहीं चाहिए। प्राचीनकाल के विद्वान नक्षत्रों की स्थिति को देखकर तिथि तथा मार्ग का चयन करते थे। इतिहासकार द्वारा रचित इतिहास की आलोचना करने की उपेक्षा करके उसमें त्रुटियो को सुधारना चाहिए। कुछ अभिलेख ऐसे भी है जिन पर लेखक का नाम नहीं दिया है लेकिन संबंधित सामग्री मिलने से उसके काल को ज्ञात किया जा सकता है। Potassium argon dating, Radio carbon dating यह भी पूरी तरह से सटीक नहीं होती हैं इसमें भी त्रुटि आ सकती हैं।

सिक्कों पर मिलने वाली आकृति से हम उसके इतिहास का पता लगा सकते हैं। गुप्तकाल के सिक्कों में मिलावट मिलती है।

- Art Monument मंदिर, धार्मिक भवन ये उस समय के लोगों के रहन–सहन को प्रदर्शित करता है।
- स्तूप निर्माण मिट्टी के स्तूप की सहायता से हम प्राचीन इतिहास को समझने में सामर्थ्यवान हो पाए हैं।

प्रो0 अभय कुमार सिंह, मुख्य वक्ता, ने व्याख्यान में बतलाया कि अल्बरूनी का जन्म 973 ईसवीं में खारिज्म खीवा में हुआ था। उसका पूरा नाम 'अबूरेहान मुहम्मद इब्न अहमद अल्बरूनी' था। टेसियस ईरान का राजभवन था? सिंकदर के पश्चात के लेखकों में 3 राजदूतों–मेगस्थनीज, डाइमेकस, डायनोसीयस के नाम उल्लेखनीय हैं जो युनानी शासकों द्वारा पाटलिपुत्र के मौर्य दरबार में आया था।

दूसरी शताब्दी ईस्वी में टालमी ने भारत का भूगोल लिखा था। प्लिनी का ग्रंथ प्रथम शताब्दी ईस्वी का है। पेरिप्लस का लेखक 80 ई. के लगभग हिंद महासागर की यात्रा पर आया था। छठी सदी ईसवीं में खुसरो प्रथम अमीर्षवाद ने आदर्शप्रथम के शिवशासन को समझने के लिए ईरान के राष्ट्रीय इतिहास लेखन की पहल की। इतिहास को सिद्ध करने के लिए साक्ष्य की प्रमाणिकता की आवश्यकता पड़ती हैं। इतिहास लेखन से भावी पीढ़ियों को ज्ञान प्राप्त होता है। फाहयान ने 8000 मील की यात्रा की थी, वह स्थल मार्ग से आया था तथा जल मार्ग से गया था। पाणिनि की अष्टाध्यायी में 'स्त्री' शब्द का उल्लेख मिलता है। ह्वेन्सांग का जन्म 600 ई. के लगभग चीन में हुआ था। वह चीन के होनन प्रांत के चीन–लिऊ नामक स्थान पर जन्मा था। उसके पिता का नाम चेन–हुई था।

प्रो0 शैलेन्द्रनाथ कपूर के व्याख्यान के अनुसार

इतिहास लेखन एक सच्ची साधना है क्योंकि इससे वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को अतीत में घटित घटनाओं का यथार्थ ज्ञान होता हैं और इसके लिए ज्ञानार्जन के स्रोत का असाधारण मार्ग मिलता हैं। छठी–पांचवी शताब्दी ईसापूर्व में जब भारत में ही नहीं सम्पूर्ण एशिया महाद्वीप में धार्मिक पुर्नजागरण और सामाजिक पुर्नजागरण का युग था, जब भारत में भगवान महावीर और भगवान बुद्ध का आविर्भाव हुआ, तब चीन में कन्फ्यूशियस और Loueses हुए। ये बड़ी महत्वपूर्ण बात है कि जो यात्री हमारे देश में प्राचीनकाल से आते रहे और जिनके विवरण हमें महत्वपूर्ण सूचनाएं देते रहे, उनमें से बहुत विवरण अभी भी अप्राप्त हैं।

प्रो0 पीयूष भार्गव के अनुसार

दो राजाओं के बीच युद्ध होना हम स्वीकार कर सकते हैं लेकिन युद्ध की पहल किसने की, तथा कौन सा राज्य ज्यादा आक्रामक था यह पता लगाना थोड़ा कठिन है। पुराणों के अनुसार गौतमीपुत्र शातकर्णि सातवाहन वंश का तेईसवाँ राजा था उसके पिता का नाम शिवस्वाति तथा माता का नाम गौतमी बलश्री मिलता है। दो नासिक से तथा एक कार्ले से उसका अभिलेख मिलता है और उसने क्षहरात नरेश नहपान तथा उषावदात को पराजित किया। कालिदास जी के विषय में भी कई मतभेद है कुछ विद्वान उनके जन्म का समय गुप्तकाल के समय मानते हैं। जैन साहित्य सूत्र कृदंग, स्थानग, भगवती सूत्र आदि को कब लिखा गया इसे पता करना भी कठिन है भारत में तमिल, संस्कृत एक प्राचीन भाषा हैं।

भौतिक अवशेष :

ये पूरी तरह से प्रामाणिक नहीं होता है लेकिन इतिहास को समझने में सहायक है। जैसे एक मूर्ति को उसकी वेशभूषा को देखकर पता लगाया जा सकता है कि वह किस काल की है।

Type of Pottery

1. गैरिक मृदभांड की खोज सर्वप्रथम पुराविद बी.बी. लाल ने 1949 में बिसौली तथा बिजनौर के पुरास्थलों की खुदाई के दौरान किया।
2. चित्रित धूसर मृदभांड की प्राप्ति सर्वप्रथम अहिच्छत्र के टीले की खुदाई के दौरान 1940–44 ईसवी में हुई।
3. कृष्ण लोहित मृदभांड ऐसे मृदभांडों का भीतरी व बाहरी चारों ओर का भाग काला व शेष बाहरी भाग ईंट के रंग का लाल मिलता है।
4. उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड इन मृदभांडों को एन.बी.पी. मृदभांड कहा जाता है। ये ईसा पूर्व छठी शताब्दी के विशिष्ट मृदभांड हैं।

डॉ0 नीलमा गुप्ता नें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा–

"मैं चंद पंक्तियों के साथ आप सबका हृदय से धन्यवाद करती हूँ, इतिहास अतीत का अध्ययन मात्र न होकर, अतीत का पुनर्बोधन हैं। जो किसी न किसी रूप में हमारे वर्तमान में जीवंत है, मुझे ऐसा लगता है कि "प्राचीन इतिहास के स्रोत" एक प्यारे भवन के बंद कमरे के समान है, जहाँ झिरियों से छन–छन कर आता मध्यम प्रकाश अपना अतीत सुनाने के लिए शोर मचा रहा है, हम उसे सुनते तो है, पर समझ नहीं पा रहे हैं उसे समझने के लिए हमें धैर्य, निष्पक्षता और संवेदना की भी आवश्यकता है तभी हम अतीत की घटनाओं को वर्तमान से जोड़ पाएंगे"।

इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में 617 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसे यूट्यूब पर 517 लोगों ने देखा और ज़ूम एप पर 100 लोगों ने देखा।

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

आत्मनिर्भर भारत–अवसर और चुनौतियां

13 अक्टूबर 2020

इतिहास विभाग (एम.आई.एच.)

इतिहास विभाग (एम0आई0एच0) द्वारा दिनांकः 13 अक्टूबर, 2020 को विषय– **"आत्मनिर्भर भारत–अवसर और चुनौतियां"** पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। भारतीय परम्परा का निर्वाह करते हुये सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। डा0 वन्दना कलहंस नें विभिन्न स्थानों से आये हुये विद्वानों का परिचय देते हुये बी0एस0एन0वी0 महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री टी0एन0 मिश्रा जी को आशीर्वचन हेतु आमन्त्रित किया। आपने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी देश का इतिहास उसके वजूद को दर्शाता है, आत्मनिर्भरता भारत का प्राणतत्व है। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री रत्नाकर शुक्ला जी नें अपने वक्तव्य में कहा कि महात्मा गाँधी ने सर्वप्रथम आत्मनिर्भरता पर विस्तार से विचार प्रकट किये थे। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राकेश चन्द्र जी ने वेबीनार में आये हुये विद्वानों का स्वागत करते हुये अपने विचार प्रकट किये। आपने राज्य आत्मनिर्भरता पर पाश्चात्य विचारकों के विचार पर प्रकाश डाला।

डा0 वन्दना कलहंस ने विषय प्रवर्तन करते हुए प्रमुख वक्ता डा0 हरिकेष सिंह को व्याख्यान के लिये आमन्त्रित किया। प्रो0 सिंह जे0पी0 विश्वविद्यालय में कुलपति तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में संकायाध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे हैं। आपने आत्मनिर्भर भारत विषय पर विस्तृत विचार रखें। आपने सृजन तत्व

को संरक्षित रखने के अर्थपूर्ण अर्थशास्त्र पर बल देते हुये कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त सम्पदा को केवल जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये दोहन किया जाय, अनावश्यक दोहन समाज के लिये धातक होगा। आपने वितरण–व्यवस्था में प्रशासन की जिम्मेदारी तय करते हुये कहा कि अगर विकेन्द्रीकरण हमारी प्राथमिकता में नहीं है तो आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। शुचिता, सत्यता, न्यायपूर्णता एवं विकेन्द्रीकरण यदि वितरण में नहीं है तो विकास के सारे पैरामीटर अनुपयुक्त सिद्ध होगें। आपने चीनी व्यापार को भारत के लिये अनुपयुक्त बताया।

कार्यक्रम के अगले सोपान पर बढ़ते हुये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो0 योगेश्वर तिवारी जी को व्याख्यान के लिये आमन्त्रित किया गया। आप इंस्टिट्यूट ऑफ गाँधीयन थॉट एण्ड पीस स्ट्डीज इलाहाबाद में निदेशक पद पर भी अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। आपने भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति, साहित्य, परम्परा एवं भारत में आत्मनिर्भरता की प्राचीनता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सनातन धर्म का आधार आत्मनिर्भरता थी। उन्होंने भारत में आत्मनिर्भरता के इतिहास पर चर्चा करते हुये कहा कि सिन्धु घाटी की सभ्यता, वैदिककाल, उत्तरवैदिक काल पर हम दृष्टि डालें तो हमें ज्ञात होता है कि भारत समृद्ध था। प्राचीन भारत से यूरोप व चीन तक से व्यापार होता था। गुप्त काल से भारत स्वर्ण काल में प्रवेश करता है। तदन्तर आक्रान्ताओं द्वारा भारत को लूटे जाने पर भी आर्थिक आत्मनिर्भरता बनी रही। मुस्लिम शासन स्थापित होने के बावजूद भी भारतीय अर्थव्यवस्था अप्रभावित बनी रहीं। उस समय वैश्विकअर्थ व्यवस्था की जी0डी0पी0 में 32 प्रतिशत से भी ज्यादा का योगदान था। 17–18वीं सदी में अंग्रेजी शासन की स्थापना के साथ अंग्रेजों ने भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करते हुये विकलांग बना दिया। आपने कहा कि स्वतन्त्रता और आत्मनिर्भरता एक दूसरे के पूरक है। गाँव आत्मनिर्भर होगा, तो जिला आत्मनिर्भर रहेगा, जिला आत्मनिर्भर होगा तो देश आत्मनिर्भर होगा।

कार्यक्रम के अन्तिम सोपान में टी0डी0पी0जी0 कालेज जौनपुर के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ0 अरूण कुमार जी ने विद्वानों और विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करते हुये अपने व्याख्यान पी0पी0टी0 के माध्यम से शीर्षक ''आत्मनिर्भर भारत अभियान–आशाओं का भ्रमजाल'' में बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान निश्चय ही महत्वाकांक्षी व उपयोगी योजना है। वर्तमान परिस्थिति में एकमात्र विकल्प है, क्योंकि विश्व व्यापार संगठन में हमारी सदस्यता, समझौता, नियमों को मानने की विवशता को सुनिश्चित करती है। किसी भी देश से आयात को हम इनकार नहीं कर सकते। हम अपनी आवश्यकता यदि पूरी कर लें तो, हमें खरीदने की जरूरत ही न पड़े। देश को हजारों–करोड़ के भुगतान से बचाया जा सकता है। आपने कहा कि भारत में घोषित वित्त पैकेज व्यर्थ हैं और इन घोषणाओं का हकीकत से दूर–दूर का सम्बन्ध नहीं है। आने वाले समय में यह कितना सफल होगा कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता। किसी भी करिश्मे की उम्मीद करना व्यर्थ है।

अन्त में जिज्ञासु श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर दिये गये। डा0 नीलिमा गुप्ता के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ ही वेबीनार का समापन हुआ।

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

"विश्व हाथ धुलाई दिवस"

15 अक्टूबर 2020

"विश्व हाथ धुलाई दिवस" के अवसर पर दिनांक 15 अक्टूबर 2020 को बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ज़ूम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कोऑर्डिनेटर डॉ0 ज्योति काला के वक्तव्य के द्वारा हुआ जिसमें उन्होंने आज के इस दिवस की महत्ता तथा हाथ धोने के महत्व को बताया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्र ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कोरोना संकट के दौर में यह विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हम उत्तम स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता

के नियमों एवं समय–समय पर सरकार द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी का पालन अवश्य करें। विश्व हाथ धुलाई दिवस के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह अवसर हम सभी को हाथ धोने के महत्व का आभास कराने वाला है। हमें अपने दैनिक क्रियाकलापों में इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि विभिन्न प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया से बचने के लिए अपने हाथों को बार–बार धुलते रहे।

इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ0 मनीष कुमार भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपस्थित हुए तथा उन्होंने पी०पी०टी० प्रस्तुतीकरण के द्वारा हाथ धोने के महत्व एवं क्रियाविधि आदि की चर्चा की। डॉ0 मनीष ने विभिन्न अध्ययनों के प्राप्त निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए यह बताया कि कैसे हम नियमित अंतराल पर हाथ धुल कर बीमारियों से होने वाली मृत्यु दर एवं उनकी भयावहता को कम कर सकते हैं। उन्होंने इस दौरान हाथों को धोने की मानक क्रियाविधि का प्रदर्शन भी किया और बताया कि हमें दोनों हथेलियों को आपस में मिलाकर सामान्य रूप से रगड़ कर प्रत्येक हिस्से को भलीभांति साबुन से धुलना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ज्योति काला तथा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मंजुल त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक भी सम्मिलित हुए।

❖❖❖

National Webinar

MISSION NARI SHAKTI 2020

23th October 2020

The UP government launched 'Mission Shakti Campaign' to ensure the safety and protection of the pride of women in the state. The campaign aims that the educational institutions must connect education with good cultural values (Sanskar) as a part of **"Mission Shakti."** With the objective of propagating the ambitious campaign for the empowerment of women and eradication of crimes against them, a webinar was organized on 23 October, 2020. The Webinar was conducted by **Dr. Anjali Asthana**. **Dr. Madhu Bhatiya**, convener, welcomed the distinguished speaker **Dr. Jyoti Kala**, Associate Professor, Department of English, B.S.N.V.P.G. College, Lucknow. Dr. Kala had been actively engaged in academic activities and had organized 4 webinars, including one International, and delivered 5 lectures during the period of lockdown.

The event was presided over by the Principal **Shri Rakesh Chandra** who mentioned about the aim and objectives of this campaign, "Mission Shakti" and the importance of creating awareness regarding the safety, security and empowerment of women. This campaign was started in 'Shardiya Navratri' and was continuing for the next six months till Chaitra Navratri. The campaign had two phases, Mission Shakti and Operation Shakti. The first phase of this program will spread awareness on women safety and their dignity and will focus on legal or massive action to be taken against those who are posing threat to the safety of women. The second phase of this program focuses on eve teaser and to punish or reform them because any type of crime against women's safety and their dignity will not be tolerated. Female police constables will be available in 1535 police stations taking urgent action on complaint of crimes against women.

Dr. Jyoti Kala presented an elaborative, informative and enlightening discourse on the topic **The Protection of Children from the Sexual Offence, Act, 2012 (POSCO Act 2012).** She mentioned about the necessity of this special act to ensure the safety of children (both male and female up to age 18), the articles and provisions of this act, types of crimes and punishments for them, role and responsibility of police, medical staff and judiciary in such cases. She clarified that the Abetment is also treated with same gravity as commission of that offence (Section 16). Trafficking of children for sexual purposes is covered under abetment (Section 16, Explanation III). Any attempt to commit an offence is liable to be penalized, for upto half the punishment prescribed for that offence (Section 18). In elaborating the procedure for reporting of cases she told that the offence can be reported to the SJPU or the local police (Section 19). In case, child is in need of care and protection, SJPU/ local police will provide such care within 24 hours of the report (Section 19(5). SJPU/ local police need to report the matter to CWC and Special Court within 24 hours (Section 19(6). Failure to report is commission of offence which is punishable with imprisonment of six months or with fine or both (Section 21(1). Failure to report by a person, who is in-charge of any company or an institution, in respect of offence committed by subordinate under his control, is also punishable with imprisonment of one year and fine(Section 21(2)). But at the same time failure to report is not punishable in case of a child (Section 21(3)). False complaint against any person with malicious intent is punishable with imprisonment of 6 months or with fine or both (Section 22 (1). False complaint against child is punishable with imprisonment of one year or

with fine or with both (Section 22(3)). She highlighted that there is no civil or criminal liability for giving information in good faith (Section 19(7)) and Media cannot disclose the identity of the child, except when permitted by the Special Court (Section 23). The procedures for Recording Statement should be the Child friendly procedures (Section 24) and the recording may be done at the residence of child by the officer not below the rank of sub-inspector. Police officer should not to be in uniform and the victim child must not come in contact with the accused. The child cannot be detained in police station in night. She also elaborated the types of offences and the punishment decided for them. At last she asked the parents to be friendly, cautious and aware about such problems.

The session was concluded by the Convener, Dr. Madhu Bhatiya, who extended vote of thanks to the speaker, principal and all attendees.

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

राष्ट्रीय एकता दिवस

31 अक्टूबर 2020

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल महाविद्यालय केकेवी, लखनऊ के द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर को **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** उत्सव का आयोजन किया गया। एकता दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय में एनसीसी तथा एनएसएस कैडेट्स के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्रा के द्वारा समस्त विद्यार्थियों को एकता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के द्वितीय भाग के अंतर्गत महाविद्यालय की शैक्षणिक विकास समिति के द्वारा वेबीनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस उत्सव के संदर्भ में आयोजित इस वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, गढ़वाल के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो० एम० एम० सेमवाल ने भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संयोजक डॉ ज्योति काला के द्वारा सभी के औपचारिक स्वागत के द्वारा हुआ डॉ काला ने इस दौरान मुख्य वक्ता प्रो० सेमवाल का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो० सेमवाल ने अपने वक्तव्य के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत विवेचन किया। उन्होंने कहा की जिस

आधुनिक भारत का स्वरूप हमें दिखाई पड़ रहा है उसके शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल ही है। इसके साथ ही उन्होंने सरदार पटेल के जीवन से संबंधित कतिपय प्रेरक प्रसंगों को भी साझा किया। बारदोली सत्याग्रह, नमक आंदोलन, किसान आंदोलन आदि में पटेल के योगदान को भी उनके द्वारा बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्रा ने विशिष्ट वक्ता के रूप में सरदार पटेल के योगदान का वर्णन करते हुए कहा कि जिस अधिनियम के अंतर्गत भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई उसमें यह प्रावधान किया गया कि जो देशी रियासतें हैं या प्रोविसेंसीज है वह स्वेच्छा अनुसार भारत में विलय कर सकती हैं अथवा स्वतंत्र रह सकती है। किंतु यह सरदार पटेल के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि हम एक अखंड भारत में निवास कर पा रहे हैं। यह सोचना ही अत्यंत दुष्कर है कि यदि एक देश में इतने सारे राज्य स्वतंत्र होते तो वह स्थिति कितनी चुनौतीपूर्ण होती।

इस दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों हेतु ''राष्ट्रीय एकता की चुनौतियां एवं समाधान'' विषय पर संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। संभाषण प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी के रूप में शिवांगी कश्यप को निर्णायक मंडल द्वारा चुना गया। कार्यक्रम के अंत में वेबीनार के आयोजन सचिव डॉ मंजुल त्रिवेदी द्वारा सभी को औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी महाविद्यालय के वेब मंच पर उपस्थित रहे।

❖❖❖

राष्ट्रीय वेबिनार

न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 इट्स इंप्लीमेंटेशन विद स्पेशल रेफरेंस टू इंडियन कल्चर आर्ट्स लैंग्वेज एंड लिटरेचर

26 दिसम्बर 2020

बी0एस0एन0वी0पी0जी0, चारबाग, लखनऊ द्वारा दिनांक 26.12.2020 को **''न्यू एजूकेशन पालिसी 2020 इट्स इंप्लीमेंटेशन विद स्पेशल रेफरेंस इंडियन कल्वर आर्ट्स लैंग्वेज एंड लिटरेचर''** विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की वंदना से हुई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य प्रो0 राकेश चंद्रा द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने कालेज के इतिहास के विषय में बताया कि कालेज की स्थापना पंडित श्री नारायण मिश्र जी ने 1954 ईस्वी में की। सन् 1995 और 96 में हिंदी तथा समाजशास्त्र विषय तथा 2001 में जूलॉजी में स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ हुई। कॉलेज का प्रबंध तंत्र सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत रहता है। प्रो0 चंद्रा ने मुख्य वक्ता एवं गणमान्य अतिथियों का वेब मंच से स्वागत किया।

महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी0एन0 मिश्र जी नें अपने आशीर्वचन से महाविद्यालय परिवार को अभिसिंचित किया। मंत्री/प्रबंधक श्री रत्नाकर शुक्ल जी ने नई शिक्षा नीति–2020 को एक क्रांतिकारी विषय के रूप में बताया उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा के महत्व पर जोर देती है किंतु उसके दुष्परिणामों के प्रति भी हमें सचेत होना चाहिए। श्री रत्नाकर शुक्ल जी के अनुसार नई शिक्षा नीति में सबसे अच्छी बात विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखा खोलने की बात है जिससे हमारे बच्चों को अध्ययन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन भाषण में लखनऊ विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय ने अपने संबोधन में यह बताया कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय अभी से प्रयासरत है। प्रो0 राय के अनुसार नई शिक्षा नीति छात्र केंद्रित है और इसे हम निम्न बिंदुओं में समझ सकते हैं –

1– इस शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्र का सर्वांगीण विकास करना है न केवल परीक्षा पास करने योग्य बनाना।

2– शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण करना तथा भारतीय शिक्षा संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना।

3– लचीली शिक्षा व्यवस्था –छात्र को प्रत्येक वर्ष का लाभ दिया जाए अर्थात किसी छात्र की पढ़ाई बीच में छूट जाती है तो उसके द्वारा पढ़े समय का उसे लाभ मिले।

4– उच्च शिक्षा को रोजगार पर बनाने की जरूरत है, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में हम इस सत्र से प्रत्येक छात्र को समर कोर्स या इंटर्नशिप करना अनिवार्य है।

कार्यक्रम में बीज वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माननीय सदस्य प्रो० किरण हजारिका जी ने नई शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि यह शिक्षा नीति भाषा, शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में नया मानदंड स्थापित करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, इक्कीसवीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए इक्कीसवीं सदी की शिक्षा के लिए व्यवस्था के सभी पक्षों के सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव रखती है।

प्रो०किरन हजारिका के अनुसार 34 वर्षों के पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव किया जा रहा है इसके पूर्व 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी थी जो अपने अंतिम परिणाम तक शायद ही पहुंच पाई। इस समिति का प्रारूप 2017 में ही तैयार कर लिया गया था । इसरो के प्रमुख के कस्तूरीरंगन समिति के अध्यक्ष थे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। पहली बार शिक्षा नीति का केंद्र भारतवर्ष होगा यह शिक्षा नीति भारतीय युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ेगी।

स्कूली शिक्षा के प्रारुप में बदलाव किया गया है, अब 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 के हिसाब से नया स्कूली पाठ्यक्रम लागू होगा, पहले 3 साल बच्चे आंगनवाड़ी केंद्रों में शिक्षा लेंगे फिर अगले 2 साल एक एवं दो में पढ़ेगे। कक्षा 6 से ही प्रोफेशनल और कौशल विकास कोर्स की शुरुआत होगी। इसका उद्देश्य बच्चों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही रोजगार के अवसर प्रदान करना है। परीक्षा के प्रारूप में भी बदलाव किया गया है 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रारूप में होंगी। रटने के बजाय छात्रों के अंदर ज्ञान विकसित करने पर ज्यादा जोर होगा। नई शिक्षा नीति में कक्षा 5 तक मातृ भाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा प्रदान करने

की बात की गई। सरकारी हो या प्राइवेट सभी विद्यालयों को इस बात को स्वीकार करना होगा। छात्र विदेशी भाषा कक्षा 9 से पढ़ सकेगें। संस्कृत को विकल्प के रूप में चुनने का मौका दिया जाएगा। उच्च शिक्षा की बात करें तो मल्टीपलएंट्री और एग्जिट सिस्टम लागू किया जाएगा, यदि छात्र बीच में कोर्स छोड़ देता है तो उसका साल बर्बाद नहीं होगा उसको 1 साल पर सर्टिफिकेट 2 साल पर डिप्लोमा और 4 साल पर कंप्लीट डिग्री मिलेगी। इससे उन छात्रों को फायदा होगा जिनकी पढ़ाई बीच में छूट जाती है। पांच साल का संयुक्त ग्रेजुएट कोर्स लाया जाएगा। तीन साल का डिग्री कोर्स उन छात्रों के लिए होगा जिन्हें उच्च शिक्षा में नहीं जाना है। शोध में जाने के लिए छात्रों को 4 साल की डिग्री करनी होगी। अब छात्रों को एमफिल करने की जरूरत नहीं होगी। नई शिक्षा नीति 2020 में 2035 तक 50 प्रतिशत ग्रास इनरोलमेंट रेशियों पहुंचाने का लक्ष्य है।

शिक्षण संस्थाओं में कला एवं संस्कृति से संबंधित विषयों को पढ़ाया जाएगा। अब कला,वाणिज्य एवं विज्ञान जैसा कोई विभाजन नहीं होगा छात्र अपनी पसंद के कोई भी विषय चुन सकेंगे यह शिक्षा नीति अत्यंत दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेगी। मेडिकल एवं ला को छोड़कर सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए उच्च शिक्षा कमीशन ऑफ इंडिया बनाया जाएगा, यह यूजीसी का स्थान लेगा। नई शिक्षा नीति में कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की बात भी की जा रही है यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कराएगा यद्यपि यह अनिवार्य नहीं होगा छात्र इससे मुक्त भी हो सकेंगे। कालेजों को स्वायत्तशासी बनाने की ओर नई शिक्षा नीति ध्यान केंद्रित करती है। आगे ये कालेज डिग्री प्रदान कर सकेंगे या किसी विश्वविद्यालय से जुड़कर डिग्री प्रदान करेंगे।

विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपनी ब्रांच खोलने की इजाजत दी जाएगी जिससे भारत के बच्चों को बाहर जाकर शिक्षा न लेनी पड़े लेकिन यह छूट उन्हीं विश्वविद्यालयों को मिलेगी जो टॉप ग्लोबल रैंकिंग वाले होंगे। शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना एक शीर्ष निकाय के रूप में की जाएगी। क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी पाठ्यक्रम विकसित करने की योजना है सभी भारतीय भाषाओं के संरक्षण, विकास एवं जीवंत बनाने के लिए शिक्षा नीति में पाली, फारसी प्राकृत भाषाओं के अनुवाद संस्थान की स्थापना की जाएगी। शिक्षा बजट को जीडीपी का 6 प्रतिशत करने का लक्ष्य है जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा उठ सके।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि इस शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव होगा इससे शिक्षा के क्षेत्र में सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। यह पहली शिक्षा नीति है जिसमें हम भारतीयता की तरफ देख रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डा0 जयशंकर पाण्डेय जी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मंजुल त्रिवेदी जी ने किया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्रा जी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से शिक्षक एवं छात्र प्रतिभागी के रूप में जुड़े। वेबिनार में रिपोर्ट लेखन का कार्य डॉ0 कृष्ण चन्द्र एवं डॉ0 अभिषेक उपाध्याय ने किया।

❖❖❖


Deepak Kumar Sriv...
narendra awasthi
JPSingh
Dr. Barrister Kumar...

Shri T.N. Mishra
Rajiva Dixit
Dr. Vijay Kumar
Dr KK Bajpai
rof. Vinod kumar ...
LallanPrasad
Sajni Misra
r. D. K. Gupta

Rashmi Gupta
Ashok Kumar
Richa Shukla


Abha Pal
Ankita Srivast...
4edfda2
A.K.Sharma
Dr.Upasana Sri...
Dr.Durga Dutt ...
DR. MADHU BH...
Adarsh Shukla


Rahul Kumar
Preetipant
Brijendra Singh
Rohan Srivastava


Shreya gupta k...
realme C2
Dr. N.K. Awast...
Harsh Narayan
Dr. Binods Kuma
Dr. Nilima Gupta
Rakesh Chandr...
ASUS_XOOTD

Arun Tripathi
Dr Ram K Tiwari
Rashmi Gupta
Dr. RAJIVA DIXIT
Dr. Seema Sarkar
Connecting to audio...
Deepak Kumar Srivastava
Shashi Kant Shukla
shashi singh


LIVE
Ratnakar Shukla
Manjul Trivedi BS...
Deepak Kumar S...
Dr. Jsp Pandey
Dr. RAJIVA DIXIT
Govind Mishra
S K Shukla
Manjul Trivedi BS...
Prof. Kiran Hazar...
Dr. Barrister Kum...
Ram K Tiwari
Jyoti Kala
VC Lucknow Univers...
Principal BSNVP...
Dr. C.L. Bajpai
Ambika Prasad P...
Vaibhav nath Ba...
Dr Abhishek Upa...
DR.PUNJ BHAS...
Dr. Geeta Rani
Dr OmPal Singh
Ankita Srivastava
Mohit Kumar
Dr.Ramjee Prasad
Dr. Girjesh Lal Sr...
D.K. Gupta
MK AGARWAL

प्राणि विज्ञानियों ने वेबिनार से साझा किए विचार

» जीव अंतर संबंध, जैविक विज्ञान के हाल के मोर्चे

» विषय पर केकेवी महाविद्यालय में वेबीनार

जयनारायण पी. जी. कालेज लखनऊ के प्राणि विज्ञान विभाग में आयोजित वेबिनार में जानकारी करते अतिथिगण

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। जयनारायण पी जी कालेज लखनऊ के प्राणि विज्ञान विभाग में वर्चुअल जीव अंतर संबंध, जैविक विज्ञान के हाल के मोर्चे (इंटर-रिलेशनशिप रिसेंट फ्रंट ऑफ बायोलॉजिकल साइंस) विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन श्री एस एन इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष टी. एन. मिश्र ने किया।

[illegible]

केकेबी महाविद्यालय में जीव अंतर संबंध ,जैविक विज्ञान के हाल के मोर्चे विषय पर वेबिनार आयोजित

लखनऊ। श्री जय नारायण पी जी कालेज लखनऊ के प्राणि विज्ञान विभाग में जीव अंतर संबंध, जैविक विज्ञान के हाल के मोर्चे विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन श्री एस एन बी इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष टी एन मिश्र ने किया। वेबिनार की आयोजिका प्राणि विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा नीना पी स्वामी ने विषय की थीम रखी। डा संजीव शुक्ल एवं डा अशोक कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो निरुपमा अग्रवाल जी ने क्रिमियों एवं सोसोजीनियनम पर भारत एवं विश्व में किये गये। शोधकर्ताओं एवं शोधकर्ताओं की परिचर्चा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अगले वर्ष 2021 में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग को छठे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आन मोनोजीनियंस की मेजबानी मिली हुई है। जो प्राणि विज्ञान विभाग के लिए गौरवपूर्ण है। इसी क्रम में सीमैप के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डा एके त्रिपाठी ने मधुमक्खियों के आर्थिक महत्व एवं उनसे प्राप्त उत्पादों को विस्तार से समझाया। महाविद्यालय के मंत्री प्रबंधक रजाकर शुक्ल ने भी विचार रखे। प्राचार्य श्री राकेश चंद्र ने भी विषय पर प्रकाश डाला। इस वेबिनार में वेस्ट अफ्रीका के आन्विल विश्वविद्यालय के डा शैलेन्द्र सिंह सहित देश विदेश के लगभग 500 वैज्ञानिकों ,शिक्षकों एवं एमएससी एवं बीएससी के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में डा अमिता सिंह ने सभी को धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डा आनंद कुमार डा वैभिटा गुप्ता डा शशि कान्त शुक्ल डा नसीर अहमद अंकिता श्रीवास्तव डा विवेक दीक्षित विवेक त्रिवेदी सहित महाविद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

रामकथा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं

वेबिनार 1

वेबिनार 2

वेबिनार 3

जीव अंतरसंबंध विषय पर चर्चा

मधुमक्खियों का बताया आर्थिक महत्व

एनबीटी, लखनऊ: बीएसएनवी पीजी कॉलेज में शनिवार को 'जीव अंतर संबंध ...' विषय पर शनिवार को वेबिनार हुआ। इसका उद्घाटन ... इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष टीएन मिश्र ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ के प्राणि विज्ञान विभाग की पूर्व हेड प्रो. निरुपमा अग्रवाल मौजूद रहीं। ... के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एके त्रिपाठी ने मधुमक्खियों के आर्थिक महत्व और उनसे बने उत्पादों को समझाया। कार्यक्रम में कॉलेज के मंत्री प्रबंधक रत्नाकर शुक्ल, प्राचार्य राकेश चंद्र, ... यूनिवर्सिटी के डॉ. शैलेन्द्र सिंह समेत देश-विदेश के 500 वैज्ञानिक, शिक्षक, एमएससी और बीएससी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

आत्मविश्वास से दूर होंगी हर तरह की मुश्किलें

एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में ... 'कौशल विकास कैसे करें' विषय पर वेबिनार हुआ। ...

वेबिनार : बड़ा आर्थिक संसाधन साबित हो सकती हैं मधुमक्खी

लखनऊ। मधुमक्खी से हमें शहद और मोम जैसी चीजें प्राप्त होती हैं। ...

Naveen Khare
Dr. N. K. Awast...
archana dixit
Dr. G. K. Mishra
SUNIL
Alka Tangri
Dr Satya Mishr...
D.K.Awasthi
Dr. Arti Saxena
Manoj Tiwari
Dr. Amrita Singh
6d229df4
VINITA VIJAI
Shiv Govind Pr...
Pooja shah
db920e5b
Jahan Ara
Dr Sanjai Misra
Dr. Lalit prakas...
PRAKASH .
Geeta Rani
Aman Kumar
Pallavi Dixit
Shivani Verma
Rahul Misra
Geeta Rani
LallanPrasad
Dr. Meera vani
N. Agrawal
Dr. T.K. Srivastava
Dr.C.L.Bajpai


Sri T.N. Mishra
VC Lucknow University
Ratnakar Shukla
Principal BSNVPG Colle.
Academic development co...
Sajni Misra
Manjul Trivedi
Dr. Vandana Kalhans
Prof. M.M. Semwal
neerja misra
Dev Shukla
Madhu bhatia
Dr. Gunjan Pandey
C P S's iPad
Jyoti Kala